हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 24 नवम्बर 2017, समय 1810)

- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के लोगों को अपना परिवार बताते हुए कहा है मानुषी छिल्लर को उसकी इच्छा अनुसार सम्मान दिया जायेगा।
- केन्द्रीय इस्पात मंत्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि हरियाणा वासियों को खेती व नौकरी के अलावा अन्य धंधे भी अपनाने होंगे।
- केन्द्र ने डाक जीवन बीमा का दायरा बढ़ा दिया है अब डाक्टर, इंजीनियर, बैंक कर्मचारी, आर्किटेक्ट, वकीलों इत्यादि को भी इसका लाभ मिलेगा।
- हूडा विभाग मे प्लॉट को लेकर धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कर्मचारियों को पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हूडडा द्वारा उन पर की गई व्यक्तिगत टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा है कि पूरा हरियाणा उनका परिवार है और प्रदेश का महिलाओं और बेटियों का उन्हें चिंता है। आज चंडीगढ़ मे पत्रकारों से बातचीत मे उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा पर लगे भ्रूण हत्या के कलंक की कभी चिंता नहीं की। लेकिन उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा की व्यवसथा की है। बेटियो की शिक्षा के लिए 20 किलोमीटर पर ही कालेज उपलब्ध कराने के लिए 21 महाविद्यालयों की शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लड़कियों को गर्भ में मरने से भी बचाया गया है और परिणाम स्वरूप लिंग अनुपात में सुधार हुआ है। मानुषी छिल्लर पर उन्होंने कहा कि उसने मेहनत व दम पर देश विदेश में नाम कमाया है वह 30 नवम्बर को कुरूक्षेत्र आयेगी और दिसम्बर को सोनीपत विश्वविद्यालय में उनका कार्यक्रम होगा और उसकी इच्छानुसार उसका सम्मान किया जायेगा। साक्षी मलिक को नौकरी देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि साक्षीने रेलवे मे ही काम करने की इच्छा जताई थी। अगर वोह हरियाणा मे काम करना चाहती है तो उन्हे नौकरी आवश्य दी जायेगी1

केन्द्रीय इस्तपात मंत्री वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि हरियाणा को खेती व नौकरी के अलावा अन्य काम धंधे भी अपनाने होंगे व विश्व सम्पदा मे भी भागीदारी करनी होगी। चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने आज सर छोटू राम की जयंती पर रोहतक के गढ़ी सांपला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब के 25 लाख लोग विदेशों मे है जबकि हरियाणावासी विदेश जाने पर कम विचार करते है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सांसकृतिक रूप मे किसी राज्य से पीछे नहीं है और ताकत और सुंदरता मे हरियाणा का लोहा माना जाता है। मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गई निजी टिप्पणी पर केन्द्रीय मंत्री ने अपने बयान की आलोचना की और हरियाणा सरकार मानुषी का सम्मान करेगी। छोटू राम संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम मे बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि दीन बंधू छोटू राम ने गरीब किसान और शोषित वर्ग की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने इन वर्गो को एक जुट होने का आह्वान किया और सरकार से सर छोटू राम संग्रहालय को भव्य रूप देने का आग्रह किया। इस मौके पर खरावड़ की पंचायत ने छोटू राम विचार मंच को एक संस्थान बनाने के लिए तीन एकड़ ज़मीन देने की घोषणा की, ताकि संस्थान से युवाओ को सही दिशा मे ओग बढ़ने के लिए युवाओं प्रशिक्षण दिया जा सके। इस संग्रहालय में छोटू राम की एक बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका आगामी जनवरी मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनावरण करेंगे।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने संविधान में अस्था को मजबूत करने और संविधान में बताए गए मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए संविधान दिवस पर डिजीटल हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस सम्बधी लिंक को टवीट कर कहा है कि लोग आन लाइन फार्म भरकर इस सम्बध का हिस्सा बन सकते है। काबिले गौर है कि 26 नवम्बर संविधान दिसव के तौर पर मनाया जाता है।

डाक जीवन बीमा यानि पीएलआई का अब दायरा बढ़ा कर इसका लाभ डाक्टर, इंजीनियर, प्रबंधन, सलाहकार, चार्टड अकाउटेंट, आर्किटेक्ट, वकील, बैंक कर्मचारी, निजी शिक्षण, स्कूलों , कालेज, विश्व विद्यालयों के कर्मचारी नेशनल

स्टाक एक्सचेंज, मुम्बई स्टोक एक्सचेंज और सूचिबद्ध कंपनियों के कर्मचारियों को भी दे दिया गया है। इससे पहले यह बीमा योजना केवल सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्मचारियों तक सीमित थी। डाकघरों के वरिष्ठ अधीक्षक डॉ अमनप्रीत सिंह ने कहा कि इस बीमा योजना की किश्त काफी कम है जबकि निजी बीमा योजनाओं की तुलना में बोनस काफी ज्यादा है।

पंचकूला के हुडा विभाग में प्लाट को लेकर धोखाधड़ी के मामले मे कल मुख्यमंत्री के उड़न दस्ते और विजीलेंस द्वारा गिरफ्तार किए गए हुडा के कर्मचारियों और एक प्रोप्रटी डीलर को आज अदालत में पेश किया गया ।अदालत ने आरोपी विजय का एक दिन और राकेश व हरमीत का दो दिन का पुलिस रिमांड दिया है। विजीलेंस ने कर्मचारियों के खाते सीज़ कर दिए है। हमारी संवाददाता ने बताया है क इस हाई प्रोफाईल मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है।

भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद कल कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वे कल ब्रहम सरोवार मे पास पुरषोतम बाग मे गीता यज्ञ मे भी शामिल होंगे। राष्ट्रपति के कुरूक्षेत्र आगमन के मद्देनज़र अम्बाला और कुरूक्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए है।

हरियाणा के अनुसूचित व पिछड़ा कल्याण राज्य मंत्री श्री कृष्ण बेदी को निर्देश दिए है कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति, विमुक्त व टप्रीवास जाति के लोगों के डॉ बी आर अम्बेडकर आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। श्री बेदी ने चंडीगढ़ में जारी एक बयान मे इन श्रेणियों के लोगों का आह्वान किया कि वे भी इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आए ।

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में चल रहे तीन दिसवीय राष्ट्रीय डेरी मेले मे दूसरे दिन किसान विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने किसानों के सवालों के जवाब दिये। देसी गायों की प्रजनन समस्या के सवाल पर विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि गांव में खनिज

तत्वों और सही समय पर गर्भाधारण न होने के कारणा समस्या होती है। इस मौके पर मीर व शाहीवाल नस्ल की बछड़ियों की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस राष्ट्रीय डेयरी मेले का समापन कल होगा।

हरियाणा खान एवं भू-विज्ञान विभाग द्वारा जिला अम्बाला, पंचकूला और यमुनानगर में पत्थर, रोड़ी व रेत खानों के ब्लॉकों का खनन ठेका प्रदान करने के लिए ई-नीलामी का आयोजन किया जाएगा। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के एक प्रवक्ता ने आज चंडीगढ़ में बताया कि जिला अम्बाला में कुल सात ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जबकि जिला पंचकूला में 6 ब्लॉकों तथा जिला यमुनानगर में एक ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। ई-नीलामी 13 दिसंबर को प्रात: 9.00 बजे शुरू होगी । उन्होंने बताया कि इन ब्लॉक की नीलामी सात से 10 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी।

हिसार के कुलाना मंडल के निकट एक आटो रिक्शा की ट्रक के साथ टक्कर में ऑटो रिक्शा में सवार 6 लोग घायल हो गए । लोगों की मदद से सभी धायलों को उपचार के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।
अक्टूबर माह में दादरी में सम्पन्न हुई सेना भर्ती की लिखित परीक्षा 26 नवंबर को हिसार छावनी में होगी। दादरी भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल अजीत पिल्ले ने आज भिवानी में बताया कि परीक्षा के लिए हिसार कैंट के प्रवेश द्वार टीसीपी नम्बर दो निर्धारित किया है। सभी पात्र उम्मीदवार को सुबह चार बजे निर्धारित स्थान पर पहुंचना होगा। उम्मीदवारों को बायोमेट्रिक रीडर से सत्यापित किया जाएगा।